**कार्यालयः जिला एवं सेशन न्यायाधीश, कोटपूतली (राज0)**

क्रमांकः 339 /स्था0 दिनांकः 15 अक्टूबर, 2026

**:: आ दे श ::**

कोटपूतली–बहरोड़ न्यायक्षेत्र के कोटपूतली/बहरोड़/नीमराना/बानसूर/नारायणपुर/ /पावटा/विराटनगर उपखण्ड के उन्तर्गत उद्भूत होने वाले दीवानी वाद व अन्य दीवानी प्रकरणों के क्षेत्राधिकार के संबंध में पूर्व में जारी आदेशों का अभिलघंन करते हुए राजस्थान सिविल न्यायालय अध्यादेश 1950 एवं संशोधित 2014 की धारा 19(1)(i) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, रवि शर्मा, जिला न्यायाधीश, कोटपूतली, जिला कोटपूतली–बहरोड़, कॉलम संख्या 03 में अंकित उपखण्ड के अंतर्गत उद्भूत होने वाले कॉलम संख्या 02 में वर्णित मालियत के दीवानी वाद व अन्य दीवानी प्रकरण कॉलम संख्या 04 में अंकित न्यायालय में सीधे ही प्रस्तुत करने, विधिनुसार सुनवाई एवं निस्तारण करने की अधिकारिता प्रदान करता हूँः–

| क्र. स. | राशि/मालियत | उपखण्ड का नाम | न्यायालय का नाम जिसको क्षेत्राधिकार दिया गया |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 01 | 5 लाख रूपये से अधिक | कोटपूतली, पावटा, विराटनगर | जिला न्यायाधीश, कोटपूतली |
| | | बहरोड़ | अपर जिला न्यायाधीश क्रम–01, बहरोड़ |
| | | नीमराणा | अपर जिला न्यायाधीश क्रम–02, बहरोड़ |
| | | बानसूर, नारायणपुर | अपर जिला न्यायाधीश, बानसूर |
| 02 | 02 लाख रूपये से अधिक व 05 लाख रूपये से अनधिक | कोटपूतली | वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, कोटपूतली |
| | | पावटा, विराटनगर | अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश क्रम–02, कोटपूतली |
| | | बहरोड़ | वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, बहरोड़ |
| | | नीमराणा | वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, नीमराना |
| | | बानसूर, नारायणपुर | वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, बानसूर |
| 03 | 02 लाख रूपये तक | कोटपूतली | सिविल न्यायाधीश, कोटपूतली |
| | | पावटा | सिविल न्यायाधीश, पावटा |
| | | विराटनगर | सिविल न्यायाधीश, विराटनगर |
| | | बहरोड़ | सिविल न्यायाधीश, बहरोड़ |
| | | नीमराना | सिविल न्यायाधीश, नीमराना |
| | | बानसूर, नारायणपुर | सिविल न्यायाधीश, बानसूर |

उक्त आदेश तुरन्त प्रभाव से प्रभावी होगा।

-Sd-

15.10.26

जिला न्यायाधीश,

कोटपूतली

क्रमांकः 6096 से 6122 /स्था0 दिनांकः 15 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि अग्रलिखित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हैः–

1. माननीय रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, विधि एवं विधिक कार्य विभाग, राजस्थान जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी लेखाशाखा/प्रतिलिपि शाखा/नजारत शाखा/रिकॉर्ड शाखा/रिटर्न शाखा/मालखाना शाखा/पुस्तकालय/ई–कोर्ट कमेटी, जिला न्यायालय कोटपूतली, जिला कोटपूतली–बहरोड।
4. समस्त न्यायालय, कोटपूतली–बहरोड न्यायक्षेत्र।
5. अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, कोटपूतली/पावटा/विराटनगर/बानसूर/बहरोड/नीमराना, दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट, जिला कोटपूतली– बहरोड।
6. कार्यकारी सहायक कम निजी सहायक/वरिष्ठ मुंसरिम, जिला न्यायालय, कोटपूतली।
7. सिस्टम असिस्टेंट/सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, कोटपूतली को इस न्यायक्षेत्र की वेबसाईट/सम्बन्धित न्यायालयों के ई–मेल पर अपलोड करने हेतु।
8. आदेश पत्रावली/सम्बन्धित पत्रावली।

15.10.26

जिला न्यायाधीश,
कोटपूतली।